


# कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष से नाराज सोनू बघेल ने 30 समर्थकों संग थामा भाजपा का दामन

**जिलाध्यक्षी पर उठे सवाल**



**विश्वनाथ श्रीवास**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** कांग्रेस में युवा चेहरा रामशेष बघेल और पिंकी भदौरिया को अध्यक्षी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी को उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में ग्रामीण और शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता जनता तक अपनी बात पहुंचाने में कामयाब होंगे। लेकिन ग्रामीण जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल से असंतुष्ट होकर पार्टी में पाल बघेल प्रकोष्ट के विस अध्यक्ष सोनू बघेल ने अपने 30 कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी छोड़ दी। हाल ही में भिण्ड आए मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के समक्ष सोनू ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी से सक्रिय कार्यकर्ताओं के विमुख होने से अब राजनैतिक गलियारों में अध्यक्ष पर सवाल या निशान खड़े हो रहे हैं।

**एक महीने पहले लगाए थे हॉर्डिंग:** कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहे सोनू बघेल ने अगस्त में दायित्व मिलने पर अध्यक्ष रामशेष बघेल और पिंकी भदौरिया के साथ शहर भर में हॉर्डिंग, पोस्टर और बैनर लगाए थे। सोनू बघेल ने बताया कि उन्हें नए अध्यक्ष से कोई उम्मीद नहीं है। भाजप में मोहन सरकार की कार्यशैली से प्रभावित हूं। पहले भी पार्टी छोड़ने का विचार मन में आया था, लेकिन हाल ही में हुए फेरबदल के बाद नए चेहरों से उम्मीद नजर नहीं आ रही है, इसलिए भाजपा में रहकर लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त किया है।

> कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष से उम्मीद नहीं है। इसलिए ऊर्जा मंत्री के समक्ष भाजपा में अपने साथियों के साथ सदस्यता ली है।
>
> **सोनू बघेल, भाजपा नेता भिण्ड**
>
> व्यक्ति स्वतंत्र है, कभी किसी को भाजपा अच्छी लगती है तो कभी कांग्रेस।
>
> **रामशेष बघेल, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष भिंड**

## सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ करें

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने आमजन से अपील की है कि कोई भी ऐसे भ्रामक सूचना या अफवाह फैलाने वाले मैसेज (संदेश), पोस्ट, आडियो, वीडियो जो सांप्रदायिकता को बढ़ाते हो, भड़काऊ अथवा उत्तेजनापूर्ण हो, समाज के वर्गों के बीच भेद पैदा करता हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर साझा अथवा अग्रेषित न करें। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गैर-सत्यापित पोस्टों/ खबरों को साझा अथवा अग्रेषित न करें। उन्होंने बताया कि भिण्ड सायबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मैसेज साझा करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक संहिता की विभिन्न धाराओं जैसे 196, 197, 298 आदि तथा आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ करें।

## भाईदूज पर्व पर जेल में बंदियों से उनकी माताओं एवं बहनों से प्रत्यक्ष मुलाकात सकुशल एवं शांतिपूर्वक कराई




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** सब जेल गोहद जिला भिण्ड पर आज दीपावली भाईदूज के पावन पर्व पर प्रात: 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक जेल में परिरूद्ध बंदियों से उनकी माताओं एवं बहनों से तिलकध्टीका कराने हेतु खुलीध्प्रत्यक्ष मुलाकात सकुशल एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराई गई, जिसमें दोपहर 01 बजे तक 83 पुरूष बंदियों की 288 महिला परिजनों से प्रत्यक्ष मुलाकात कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई।

प्रत्यक्ष मुलाकात की सुरक्षा व्यवस्था में जेल स्टाफ एवं जिला पुलिस बल का सहयोग प्राप्त हुआ। हेमसरिता मिंज, सहायक जेल अधीक्षक सब जेल गोहद के द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर बंदी परिजनों द्वारा जेल नियमों का पालन करते हुए प्रत्यक्ष मुलाकात में प्रशासन का सहयोग किया।

## पेशाब कांड को झूठा बताकर सवर्ण समाज ने बुलाई महापंचायत

**सुरपुरा थाने में दर्ज एससी-एसटी एक्ट के मामले को बताया षड्यंत्र, सवर्ण समाज ने थाना घेरा**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** अटेर क्षेत्र के सुरपुरा थाना में विगत दिनों पूर्व दलित युवक द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को झूठा बताते हुए सवर्ण समाज भी मैदान में उतर आया है। सुरपुरा में सवर्ण समाज ने इस एफआईआर के विरोध में गुरुवार को सुरपुरा थाने का धेराव किया, साथ ही महापंचायत बुलाकर दलित समाज से दूरी बनाकर खेती किसानी से लेकर पशुपालन व लेनदेन आदि कार्य न कराने की शपथ ली।

सवर्ण समाज की इस महापंचायत में कहा गया कि दलित समाज के द्वारा हमारे लड़कों पर झूठी एफआईआर दर्ज कराई जा रही हैं। यह लोग एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बिगाड़ रहे हैं। इसलिए यह महापंचायत बुलाकर इनसे दूरी बनाने की शपथ ली गई है। महापंचायत में कहा गया कि किसी आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई पुलिस करती है लेकिन किसी वर्ग से आरोपियों का जुड़ा होना यह सिद्ध नहीं करता कि पूरा समाज इसका जिम्मेदार है। जिसके बाद भी दलित वर्ग ने इस मामले में थाने पर सार्वजनिक रूप से सवर्ण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पड़ी व आपत्तिजनक नारेवाजी की। इसलिए इनसे दूरी बनाना ही एक मात्र विकल्प रह गया है।

ज्ञात हो दीपावली की रात दलित युवक ने अपने साथ मारपीट और पेशाब पिलाने का आरोप लगाकर सवर्ण समाज के तीन युवाओं के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। जिसमें पेशाब पिलाने का आरोप झूठा बताकर सवर्ण समाज इसकी जांच की मांग कर रहा है। इस मामले में सवर्ण समाज एकजुट हो गया है। गांव में आयोजित महापंचायत में सवर्ण समाज के लोगों ने जाटव समाज का बहिष्कार करने की घोषणा की और शपथ लेकर सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक संबंध खत्म करने का निर्णय लिया। सुरपुरा गांव में गुरुवार को सवर्ण समाज की महापंचाय में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पंचायत में लोगों ने कहा कि इनसे किसी भी प्रकार का लेनदेन, खेती-बटाई या सामाजिक उठना-बैठना नहीं रखेंगे।

महापंचायत में शपथ दिलाई गई कि सवर्ण समाज के लोग न तो उनके खेतों में काम करेंगे और न ही किसी तरह की आर्थिक मदद या व्यवहार रखेंगे। पंचायत में कहा गया कि अब तक सवर्ण समाज, जाटव समाज की हर जरूरत में सहयोग करता आया है। जरूरतमंदों को आर्थिक मदद दी जाती थी, गरीब परिवारों की बेटियों की शादियों में सहयोग दिया जाता था, और खेती-बाड़ी में भी सहारा प्रदान किया जाता था। लेकिन हाल ही में जिस तरह झूठे मामलों में सवर्ण समाज के लोगों को फंसाया जा रहा है, उससे अब दूरी बनाना ही उचित होगा।

## रतनगढ़ जाते समय तीन हादसों में एक श्रद्धालु की मौत, 5 गंभीर घायल

**सड़क पर पड़ी मृत गाय से 3 मोटर साइकिलें टकराईं**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अक्टूबर।** रतनगढ़ माता मंदिर दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं की आस्था यात्रा एक हादसे में बदल गई। देर रात मौ-सेंवढ़ा मार्ग पर सड़क पर पड़ी एक मृत काली गाय से तीन बाइकें अलग-अलग समय पर टकरा गईं। इन हादसों में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटनाएं बुधवार देर रात 10 बजे से लेकर गुरुवार सुबह तीन बजे के बीच हुईं। सभी घायलों को इलाज के लिए पहले मेहगांव अस्पताल और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अजीत पुत्र विश्राम सिंह यादव उम्र 25 वर्ष एवं आनंद पुत्र राजबहादुर सिंह यादव उम्र 23 वर्ष निवासी अकोड़ा, रतनगढ़ माता मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। रात करीब 10 बजे मौ-सेंवढ़ा हाइवे पर रास्ते में मृत पड़ी एक काली गाय से उनकी बाइक टकरा गई। इस हादसे में अजीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आनंद गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी मार्ग पर रात 10.30 बजे अकोड़ा गांव के ही 22 वर्षीय शिशुपाल यादव पुत्र मेघनाथ यादव और 23 वर्षीय जितेंद्र यादव पुत्र राजवीर सिंह यादव भी उसी मृत गाय से टकरा गए। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद रात तीन बजे रतनगढ़ से वापस लौट रहे 40 वर्षीय प्रेमसिंह यादव पुत्र भागीरथ यादव और 26 वर्षीय संजय यादव पुत्र चंद्रभान सिंह यादव,भी उसी स्थान पर मृत गाय से टकरा गए। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कांग्रेस सुनेगी आम जन की बात आज

**मेहगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी आज 24 अक्टूबर को एमजेएस कॉलेज के पास जगदीश गार्डन के सामने कांग्रेस जिला कार्यालय पर प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उन समस्याओं को निराकरण करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आमजन से अनुरोध किया जाता है,कि उनको शासन- प्रशासन से कोई भी समस्या हो तो जिला कांग्रेस कार्यालय पर आकर 24 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल को बता सकते है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उक्त समस्या का निराकरण कराने का प्रयास करेगी।

## शिकायतों के निराकरण में रावतपुरा प्रदेश में प्रथम

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** गृह विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के प्रभावी व समयबद्ध निराकरण में भिण्ड जिले के थाना रावतपुरा के उप निरीक्षक केके दुबे ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत संतुष्टिपूर्वक निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उप निरीक्षक केके दुबे को बधाई दी है।

### ट्रेड यूनियंस की बैठक 26 को

भिण्ड। सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू द्वारा 26 अक्टूबर को सुबह 11 बजे भिण्ड नगर पालिका परिसर में स्वाधीनता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर सिंह कुशवाह की प्रतिमा के पास बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में जनसमस्याओं सहित कर्मचारियों की मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी।

### घायलों को 108 एम्बुलेंस से पहुंचाया अस्पताल

**भिण्ड।** गुरुवार सुबह 9:30 बजे पूरन पुत्र विद्याराम चौहान निवासी रघुनाथ सिंह का पूरा गोहद अपने भाई भागीरथ पुत्र विद्याराम और अपनी भतीजी साधना तथा अपने डेढ़ साल के पुत्र ध्रुव के साथ अपने निज ग्राम रघुनाथ सिंह के पूरा से अपनी निजी स्कूटी से हतपुरा गिरगांव खेरिया मंदिर पर देवता पूजन के लिए जा रहे थे, तभी अचानक गोहद बेसली नदी के पुल पर अचानक गड्ढा होने के कारण स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और जिस कारण परिवार के सभी सदस्य पुल पर गिर गए। घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस में बिठाया और शीघ्र समुदाय स्वास्थ्य केंद्र गोहद ले जाकर इलाज कराया।

## बहनों ने भाइयों को किया तिलक, मांगी लम्बी उम्र की दुआ

**हर्षोल्लास से मनाया गया भाईदूज का त्योहार**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अक्टूबर।** दीपावली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितिया को मनाया जाने वाला भाईदूज का त्योहार प्रेम और सौहार्द के साथ गुरुवार को मनाया गया। बहनों ने पूजा और कथा आदि कराकर भाईयों की लंबी आयु और समृद्धि की कामना करते हुए उनके माथे पर तिलक लगाया और मुहं मीठा कराया, इसके बदले भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेते हुए तोहफे दिए। भाई दूज के इस त्योहार को भाई-बहन के बंधन और प्रेम के लिए जाना जाता है, इसलिए इस पावन त्योहार का नाम भी इसी तरह रखा गया है। भाई दूज को लेकर यह मान्यता प्रचलित है कि इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेम पूर्वक भोजन कराने से परस्पर तो प्रेम बढ़ता ही है, साथ ही साथ भाई की उम्र भी लम्बी होती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन यमुना जी ने अपने भाई यमराज से वचन लिया था, उसी के अनुसार भाईदूज मनाने से यमराज के भय से मुक्ति मिलती है और भाई की उम्र और वहन के सौभाग्य में वृद्धि होती है।

## धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले के विरुद्ध परशुराम सेना ने दिया आवेदन

**पुलिस ने जांच में लिया मामला, शीघ्र दर्ज हो सकता है मुकदमा**



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अक्टूबर।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने और समाज के देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध परशुराम सेना ने पुलिस को आवेदन दिया। जिसमें आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस आवेदन में आरोपी धर्मेन्द्र जाटव नामक व्यक्ति पर अपमानजनक टिप्पणियां करने, धार्मिक वैमनस्य फैलाने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा के नेतृत्व में यह आवेदन सिटी कोतवाली टीआई ब्रजेन्द्र सेंगर को दिया गया। इस पर टीआई ने आवेदन जांच में लेकर कार्रवाई का भरोसा दिया। आवेदन में कहा गया कि उक्त धर्मेंद्र जाटव नामक आरोपी सोशल मीडिया पर इस तरह की आपत्तिजनक पोस्ट डालने का आदतन है, जो सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास में इस तरह की पोस्ट बार बार वायरल करता है। इस पर विगत माह पूर्व इसी तरह की पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने को लेकर परशुराम सेना एफआईआर दर्ज करा चुकी है। लेकिन आरोपी फिर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

पुलिस ने इस मामलों को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है और शीघ्र ही आरोपी के विरुद्ध सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया जा सकता है। आवेदन देने वालों में परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा, अधिवक्ता मोहित ऋषिश्वर (उच्च न्यायालय), गणेश भारद्वाज, राजीव बरुआ, सुनील कांकर, दीपक शर्मा, राज पांडे, सूरज बरुआ, भूरे दीक्षित और मुकेश शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

## अटेर के खिपौना गांव में घुसा मगरमच्छ, टीम ने रेस्क्यू कर पकड़ा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** अटेर क्षेत्र के ग्राम खिपोना में बुधवार देर रात बस्ती के भीतर एक मगरमच्छ घुस आया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया और वापस चंबल नदी में छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की रात करीब 1.50 बजे ग्राम खिपोना की आबादी वाले हिस्से में एक बड़ा मगरमच्छ घुस आया। गांव वालों ने जब उसे देखा तो तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कुछ समय बाद 112 वाहन मौके पर पहुंचा और स्थिति की जानकारी अटेर थाना प्रभारी बालवीर चौरसिया को दी गई। थाना प्रभारी के निर्देश पर वन विभाग की टीम को भी तत्काल सूचना दी गई। करीब 2 बजे वन विभाग की टीम गांव पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित वाहन से ले जाकर चंबल नदी में सुबह करीब 3.30 बजे छोड़ा गया। रेस्क्यू टीम में डिप्टी प्रभारी बालवीर चौरसिया, जयकरन सिंह परिहार, 19 वर्षीय रेस्क्यू एक्सपर्ट जग्गू परिहार और भगीरथ शामिल रहे। करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। वन विभाग के अनुसार चंबल नदी के किनारे बसे गांवों में बरसात और जलस्तर बढ़ने के कारण मगरमच्छ कभी-कभी भटक कर आबादी की ओर पहुंच जाते हैं। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसे हालात में घबराएं नहीं, तुरंत सूचना दें ताकि समय पर रेस्क्यू किया जा सके।

## ऊर्जा मंत्री पहुंचे दंदरौआ धाम, लिया आशीर्वाद



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** मप्र शासन के उर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार को दंदरौआ धाम डॉक्टर हनुमान के दरबार में पहुंचकर उन्होंने दर्शन एवं पूजा-अर्चना की एवं महंत 1008 महामण्डलेश्वर रामदास महाराज से सुख और समृद्धि का आशीर्वाद लिया। तोमर ने चर्चा के दौरान महाराज से कहा कि डॉक्टर हनुमान के दर्शन एवं पूजा करके मन शांत एवं आध्यात्मिक अनुभव होती है, इस दौरान चर्चा में महाराज जी ने आगामी 9 नवंबर को होने वाले सिय-पिय मिलन महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन का आमंत्रण पत्र दिया तो ऊर्जा मंत्री ने सिय पिय मिलन महोत्सव कार्यक्रम में धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए तीनों मार्ग पर लाइट की व्यवस्था और धाम की परिक्रमा मार्ग पर लाइट की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रामबरन पुजारी, जलज त्रिपाठी, नरसी दद्दा, रनवीर यादव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मतदाता सूची में दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 24 तक

**बैतूल।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निकाय एवं पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा दावा-आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि जनपद पंचायत स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरपालिका के प्रत्येक वार्ड में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं।

## अब प्रायवेट क्लीनिक का डाटा भी होगा सम्मिलित, रजिस्ट्रेशन पर मंथन




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** कलेक्टर भिण्ड की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान सीएमएचओ भिण्ड, सिविल सर्जन भिण्ड, जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड, महिला एवं बाल विकास अधिकारी भिण्ड, समस्त बीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन पर चर्चा की गयी, जिसमें कलेक्टर द्वारा प्रायवेट क्लीनिक का डाटा भी सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिये गए तथा जो डाटा न दें उसके विरूद्ध क्लिनिक बंद करने की कार्यवाही की जायेगी। अनमोल पोर्टल की पी.पी.टी. की समीक्षा में जिन हितग्राहियों की समग्र आई.डी. नहीं बनी हो उन हितग्राहियों को ऑनलाईन समग्र आई.डी. बनाने हेतु प्रेरित किये जाने के निर्देश दिये। पी.पी.टी. माध्यम से समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये कि डेटा में समानरूप से प्रदर्शन किया जाये तथा ग्रीन व रेड इण्डीकेशन में प्रदर्शन किया जाये, इसी दौरान एच.आर.पी. एण्ट्री शत-प्रतिशत करने हेतु समस्त बी.सी.एम. को निर्देशित किया व ब्लॉक स्तर पर एक रजिस्टर संधारित किया जाये जिसमें आने वाली समस्त महिलाओं का रिकार्ड संधारित कर ब्लॉक लेवल मीटिंग में समीक्षा की जाये।

कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि ब्लॉक स्तर पर काम न करने वाली ए.एन.एम. को प्रशिक्षित करें तथा अगली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बतायें कि कितनी ए.एन.एम. को प्रशिक्षित किया।

एम.डी.आर. रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि अगली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में रिपोर्ट के साथ साथ सम्बंधित की केसशीट भी प्रस्तुत करें तथा ब्लॉकवार पी.पी.टी. बनायी जाये। गर्भवती महिलाओं की पोर्टल पर पंजीयन हेतु आवश्यक ईकेवायसी तथा डी.बी.टी. पूर्ण करने हेतु लाईनलिस्ट तैयार कर कार्यालय भिजवाने के निर्देश दिये, जिससे शतप्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया जा सके। एस.एन.सी.यू. व एन.बी.एस.यू. समीक्षा में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्सालय भिण्ड की प्रथक से पी.पी.टी. बनायी जाये। यूविन पोर्टल की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जो ब्लॉक पूर्ण रजिस्ट्रेशन तथा आशा रजिस्ट्रेशन का कार्य शतप्रतिशत नहीं करते हैं तो उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु लेख करें तथा यह भी कहा कि अगली बैठक में महिला एवं बाल विकास अधिकारी भी अपना डेटा लेकर आवें। एन.सी.डी. पोर्टल की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि समस्त ब्लॉक ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग करें, जिस हेतु पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाये। टीबी कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान विभागीय रिसोर्स को प्रशिक्षित करने की कार्यवाही की जाये, जिससे टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शत-प्रतिशत कार्य किया जा सके। एन.क्यू.ए.एस. हेतु समस्त ब्लॉक को निर्देशित किया गया कि ब्लॉक स्तर की आगामी प्रस्तावित तिथियों में समस्त संस्थाओं का एन.क्यू.ए.एस. पूर्ण करावें तथा अन्य विभागों की जो भी अपेक्षाऐं हो उनकी लाईनलिस्ट पूर्ण कर कार्यालय भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

## युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 29 अक्टूबर को

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड,23अक्टूबर।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन भिण्ड एवं जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड, आई.टी.आई0. भिण्ड तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भिण्ड के द्वारा युवा संगम (रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला तथा स्वरोजगार) मेला का आयोजन दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को समय प्रात: 11 बजे से सायं 04रू00 बजे तक स्थान शासकीय आई0टी0आई लहार रोड़ केन्द्रीय विद्यालय के पास भिण्ड में किया जा रहा है। जिसमें पुखराज हेल्थकेयर ग्वालियर एवं शिवशक्ति गुजरात एवं एल.आई.सी. भिण्ड, एस.आई.एस. सिक्यूरिटी नीमच, नोकरी फाई डॉट कॉम भिण्ड, सावरिया वायो फर्टिलाइजर्स एन्ड कैमिकलस, क्विक आईटी सांल्यूशन इन कंसल्टेंसी ग्वालियर, गोतम सोलर भिवानी हरियाणा, एक्सिक बैंक गुड़गांव, जमुना आटोपार्ट्स मालनपुर, चेकमेट सिक्यूरिटी भारत पे मर्चेन्ट ग्वालियर, रविया वर्क फार्स प्रा.लि. लखनऊ, कोश मोस प्रा.लि. गुजरात एवं कौशल विकास केन्द्र ग्वालियर, एक्यू स्माइल वैक इन्दौर, टाटा मोटर्स गुजरात, आमधनी प्रा0लि0 गुजरात अपोलो टायर एमआरएफ टायर बजाज ओटो पार्टर्स के द्वारा नि:शुल्क शिक्षित आवेदकों की भर्ती की जावेगी। आवेदक साक्षात्कार के समय 10वीं,12वीं एवं स्नातक की मूल अंकसूची एवं अपने समस्त मूल-प्रमाण पत्र सहित एवं पासपोर्ट साइज के तीन फोटोग्राफ लेकर आवें। प्लेसमेंट ड्राइव उपस्थित होने वाले युवकों को कार्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।